## स्पीड न्यूज

### चोरी की बाइक समेत दो गिरफ्तार, जेल



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के अररुआ कला तथा अंबा डेमा में पुलिस ने छापामारी कर चोरी की दो बाइक बरामद किया है। साथ ही अररुआ कला के संजय पासवान के पुत्र ओमप्रकाश तथा अंबा डेमा के सत्येंद्र विश्वकर्मा का पुत्र मुकुल को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि अररुआ कला गांव निवासी ओमप्रकाश पासवान के घर चोरी की बाइक है।

### एसडीओ ने दिलायी जागरूकता की शपथ



**नीलांबर पितांबरपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर 20 मई को चतरा लोकसभा के लिए मतदान होना है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने में स्वीप कई कार्यक्रम कर रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मेदिनीनगर सदर एसडीओ अनुराग तिवारी, एलआरडीसी प्यारेलाल, बीडीओ सह सीओ सुकेशनी केरकेटा, राउमवि बसौरा, राप्रावि कोटखास, प्रावि ओरियाकला आदि मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया और मतदान की शपथ दिलायी। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के बीपीएम नवनीत पांडे वीणा सिंह कविता दुबे सहित जेएसएलपीएस की दीदी मौजूद थी।

### हत्या में प्रयुक्त भरठुआ बंदूक बरामद



**नौडीहा बाजार पलामू।** थाना पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक देसी भरठुआ बंदूक बरामद किया है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि नौडीहा बाजार के रतनाग के सुशीला देवी पति मनोज सिंह के लिखित आवेदन पर नौडीहा बाजार थाना में कांड अंकित किया गया था। इसमें आर्म्स एक्ट के अभियुक्त सुबोध सिंह पिता स्व कृष्णा सिंह रतनाग टोला इगुनीयाटांड नौडिहा बाजार अपने पिता को गोली मारकर हत्या करने के आरोप में मामला दर्ज था। पुलिस की लगातार छापामारी से अभियुक्त चार मई को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। 16 मई को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की। सुबोध ने अपराध स्वीकार कर घटना में शामिल होने की बात कही। निशानदेही पर रतनाग घघरवा टोंगरी में बांस के पेड़ के पास चट्टान के दाब में छिपा देशी भरठुआ बंदूक बरामद किया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी के अलावे पुअनि आशीष कुमार, हवलदार युगल किशोर राम, आरक्षी अजय कुमार यादव, नागेंद्र राम, पंकज कुमार सिंह शामिल थे।

### भीषण गर्मी में नदी नाला सूखे



**पाटन पलामू।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भीषण गर्मी में जलस्रोत सूख चुके हैं। जल स्तर काफी निचे चले जाने से पानी का घोर संकट है। इससे ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। पाटन प्रखंड में गर्मी में अधिकांश चापाकल एवं जलमीनार खराब पड़े हैं, जिससे लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। किशुनपुर पंचायत के चेतमा भुइयां टोला में लगी जलमीनार खराब है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष बलराम उपाध्याय ने अविलंब विभाग से सभी चापानल और जलमीनार को ठीक कराने की मांग की है।

### गड्ढे में डूबकर बालक की मौत

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के बभंडी स्थित बतरे नदी में पानी से भरे गड्ढे में डूबकर अमित कुमार (10) की मौत हो गयी। वह बिहार के औरंगाबाद जिला के बरहेता निवासी बीरबल साव का पुत्र है, जो बभंडी स्थित अपने नाना रामजी साव के घर रहकर कक्षा 6 में पढ़ता था। बताया जाता है कि पुल निर्माण के दौरान संवेदक ने नदी के बीच अतिरिक्त गड्ढा खोदा था। जिसमें पानी भरा रहता है। शनिवार को उक्त बालक स्नान करने नदी गया था। इस दौरान गड्ढे में डूब गया।

### पूर्व विधायक समेत भाजपा नेताओं ने कालीचरण के पक्ष में मांगा समर्थन



**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गढ़वा विधानसभा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य सह हुसैनाबाद विधानसभा के प्रभारी अविनाश वर्मा एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुइयां ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के गिद्धौर एवं ईटखोरी मंडल के मलकपुर, रजवार, करनी, नवादा, पुना, पोनी एवं इटखोरी समेत कई पंचायतों का भ्रमण कर पार्टी उम्मीदवार कालीचरण सिंह के पक्ष में मतदान कर मोदी को तीसरी बार सरकार बनाने के लिए हर आम और खास से समर्थन मांगा। मौके पर छात्र नेता प्रभात दुबे, स्थानीय मुखिया मुकेश, रणधीर सिंह, मुंशी भुइयां, बहादुर भुइयां, जगदीश भुइयां, मुनेश्वर भुइयां, राजेश भुइयां, उमेश भुइयां, राधिका साव, अखिलेश झा, विक्रम दुबे भी थे।

### केएन त्रिपाठी के पक्ष में भी जनसंपर्क



**मेदिनीनगर।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक लगातार चतरा लोकसभा प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। श्री पाठक समेत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को चतरा लोकसभा क्षेत्र के कई जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर केएन त्रिपाठी के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की। पलामू जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड मनातू (चतरा लोकसभा क्षेत्र) में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरने खुद बाइक लेकर निकल पड़े। बिट्टू पाठक के नेतृत्व में मनातू के दर्जनों गांव का दौरा बाइक से किया गया। कहा कि इस निकम्मी सरकार ने 10 सालों में स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार को गर्त में पहुंचाया है। इसे सबक सिखायें।

# बढ़ता जनाधार... दूसरे दलों के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

■ कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करें : डॉ शशिभूषण मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक की गयी। बैठक में मनातू प्रखंड के दूसरे दलों से दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभूतपूर्व विकास पर आस्था रखते हुए पार्टी में शामिल हुए। बैठक में उपस्थित पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को फूल माला पहनाकर और भाजपा का पट्टा देकर जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में पांकी विधायक ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां कार्यकर्ताओं को उचिम मान सम्मान दिया जाता है।



**आप के प्रखंड अध्यक्ष समेत कांग्रेस-राजद के दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल** : नीलांबर पीतांबरपुर मोर्या फार्म हाउस में आम आदमी पार्टी के मनातू प्रखंड अध्यक्ष सहित कांग्रेस एवं राजद के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थ्भाजपा का दामन ाामा। विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने सभी लोगों को मिठाई खिलाकर तथा फूल माला टोपी एवं भाजपा का पट्टा देकर स्वागत किया। उन्होंने भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री मोदी के विकास को देख हुए हम सभी भाजपा में शामिल हुए।शामिल होने वालों में वीरेंद्र गुप्ता प्रखंड अध्यक्ष मनातू आप, कपूर चंद्र साहू, प्रदीप गुप्ता, संदीप गुप्ता, मनु गुप्ता, संजय यादव, राजकुमार महतो, चंद्रशेखर महतो, देवदीप यादव, टुन्नू यादव, राजू यादव, शिवपूजन कुमार, हरजीत यादव, राम ध्यान साव, अर्जुन यादव, धनंजय प्रसाद, रंजीत साव, संतु यादव, लखन देव यादव, मुकेश कुमार आदि थे।

# लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान जरूर करें : डॉ शशिभूषण

■ विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के अश्वासन के बाद ग्रामीणों ने वोट देने का लिया निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर/पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र के केकरगढ़ पंचायत के हेडूम गरिहरा के ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करने का निर्णय लिया था। मतदाता अपनी मांगों के लेकर अड़े थे, रोड नहीं तो वोट नहीं। इसकी सूचना स्थानीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को मिली। उन्होंने शनिवार दोपहर में हेडूम गरिहरा के मतदातओं संग बैठक की। जिसमें विधायक ने ग्रामीणों की समस्या को सुना। विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि जिस सड़क के लिए आपलोग वोट बहिष्कार किये हैं उस सड़क का जून में टेंडर हो जायेगा। सड़क का डीपीआर बनकर तैयार है। उन्होंने मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान अवश्य करें। बैठक में सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे। सभी ने वोट बहिष्कार न करके मतदान करने का एक स्वर में निर्णय लिया। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व पांकी बीडीओ सहित कई आलाधिकारी ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया था। वही नक्सल प्रभावित गांव होने की वजह से हेडूम गरिहरा के मतदान केंद्र को पांच किलोमीटर दूर जोलहबिगहा मतदान केंद्र पर रिलोकेट किया गया है, जिसे लेकर विधायक ने पलामू डीसी से दूरभाष पर बात की।

# पूर्व मंत्री चंद्रवंशी ने कोडरमा में अन्नपूर्णा देवी के लिए मांगा वोट

## चंद्रवंशी समाज के साथ की बैठक, जनसभा को भी किया संबोधित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाते पूर्व मंत्री सह विश्रामपुर विधायक।**

**विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कोडरमा लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने कोडरमा लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशी के साथ जनसंपर्क अभियान में शामिल हुये। लोगों से कमल फूल छाप पर बटन दबाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कई प्रादेशिक नेताओं के साथ जनसभा को भी संबोधित किया। इसके अलावा उन्होंने चंद्रवंशी समाज के लोगों के साथ बैठक कर उन्हे भाजपा के पक्ष में मतदान करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही साथ कोडरमा के गोमो, महावीर मुहल्ला, नगर खड़ा, डोमो चार्च सहित कई जगह प्रचार प्रसार किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर पूरा देश विश्वास कर रहा है इसलिए इस बार भाजपा गठबंधन चार सौ पार करके रहेगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी भारी अंतर के साथ चुनाव जीत रही हैं। मौके पर विधायक नीरा यादव सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# माओवादी कमांडर नीतेश का करीबी कामेश्वर यादव छतरपुर से गिरफ्तार

■ छतरपुर के काला पहाड़ क्षेत्र में वाहन जलाने समेत कई घटनाओं में शामिल है कामेश्वर : एसडीपीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरफ्तार माओवादी के बारे में जानकारी देते एसडीपीओ व अन्य।**


**छतरपुर पलामू।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इस अभियान के दौरान एसपी के गुप्त सूचना के आधार पर छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में विशेष छापेमारी अभियान चलया गया। पुलिस ने ग्राम खैरा मंगरदाहा थाना पांडू पहुंचकर कामेश्वर यादव के घर की घेराबंदी करते हुए कामेश्वर यादव को उसके घर से ही गिरफ्तार किया गया। छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने प्रेस वार्ता कर बताया कि एसपी रीष्मा रमेसन के गुप्त सूचना के आधार पर एक दल का गठन किया गया। उसके बाद पांडू थाना क्षेत्र के खैरा मंगरदाहा गांव पहुंचकर गिरफ्तार किया गया। बताया कि गिरफ्तार माओवादी कामेश्वर यादव नीतेश यादव का बहुत ही करीबी है। जो नीतेश यादव के नेतृत्व में 23 अगस्त 2023 में छतरपुर थाना क्षेत्र के काला पहाड़ जंगली क्षेत्र में बन रहे पक्की सड़क के मुंशी व मजदूरों के साथ मारपीट करते हुए निर्माण कार्य में लगे आधा दर्जन से अधिक वाहन को जला दिया था। इसके अलावे कामेश्वर यादव कई नक्सली वारदात में शामिल होकर घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि कामेश्वर यादव कई घटनाओं में शामिल होने का अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया है।

### गठबंधन के नेताओं कार्यकर्ताओं की हुई बैठक



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप मुख्यालय में इंडिया गठबंधन के नेताओं कार्यक्रताओं की बैठक हुई। बैठक में प्रस्ताव पारित कर चुनाव में अपार समर्थन हेतु पलामू लोक सभा क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके अलावा महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां को जीत की अग्रिम बधाई भी दी गई। राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि पलामू की जनता ने इस बार राजनीतिक बदलाव के लिए मतदान करते हुए ममता भुइंया को अपना आशीर्वाद दिया है जिसके लिए महागठबंधन उनका आभारी है। बैठक में राजद महासंघ अध्यक्ष नंददेव यादव, नागेंद्र यादव, नरेश यादव, संजय महतो, सीताराम चंद्रवंशी, उसमान अंसारी, रउफ अंसारी, सुरेश राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### सतौआ में शोभा यात्रा पांच जुलाई को



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम सतौआ में शिव मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा करने का आयोजन किया गया है। पांच जुलाई दिन शुक्रवार को कलश शोभा यात्रा निकाली जायेगी। छह जुलाई दिन शनिवार को पंचांग पुजन यज्ञ आरम्भ एवं विविध अधिवास किया जायेगा। सात जुलाई दिन रविवार को शेषाधिवास महास्नान एवं नगर शोभा यात्रा निकाली जायेगी। आठ जुलाई दिन सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा हवन, पूर्णाहूति, प्रसाद वितरण तथा भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में गोरखपुर उत्तरप्रदेश से पधारे मानस मरतणडय के द्वारा संगीतमयी कथा पांच जुलाई से सात जुलाई तक रात्रि में किया जायेगा। इसे सफल बनाने में सतौआ के नवलेज सिंह, श्रीकांत सिंह, गुडु सिंह, गणेश सिंह, महेंद्र सिंह सहित सतौआ के ग्रामीण रात दिन मेहनत कर रहे हैं।

### एसपी के निर्देश पर मनातू थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च



**मनातू पलामू।** लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान को लेकर पुलिस काफी सजग है। चुनाव के पांचवें चरण में चतरा संसदीय क्षेत्र में मतदान 20 मई को होना है। इस क्षेत्र का कुछ हिस्सा पलामू जिला के मनातू, पांकी, तरहसी, लेस्लीगंज, पीपराड व सतबरवा में पड़ता है। शांतिपूर्ण मतदान व बूथों पर किसी असामाजिक तत्वों से कोई गतिरोध उत्पन्न न हो या कहीं किसी क्षेत्र में मतदाताओं को कोई डराये धमकाये इसे लेकर पुलिस जहां एक ओर मतदान को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चला रही है वहीं दूसरी ओर मतदाताओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस फ्लैग मार्च निकाल रही है।

## एसपी के निर्देश पर प्रशिक्षु आइपीएस ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

■ लोकतंत्र के महापर्व में अपना मत का प्रयोग करें : गौरव गोस्वामी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण चुनाव के तहत पलामू जिला के पांकी थाना क्षेत्र सह चतरा संसदीय क्षेत्र का मतदान 20 मई को होनेवाला है। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने पांकी, लेस्लीगंज, मनातू, पीपराटांड समेत अन्य क्षेत्र को चतरा संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है उसमें मतदाताओं के बीच मतदान को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इस निर्देश के आलोक में प्रशिक्षु आइपीएस गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम ताल, सकलदीपा समेत अन्य सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में मतदाताओं के बीच जन जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंने मतदाताओं से मिलकर लोकतंत्र के महापर्व में अपना मतदान करने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आपका एक एक मत लोकतंत्र को मजबूती प्रदान कर सकता है। इसलिए अपना मत का प्रयोग करें।

## छतरपुर नगर के मुख्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर अरविंद ने सौंपा ज्ञापन

■ ज्ञापन में सीसीटीवी कैमरा लगाने, मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए फॉगिंग करवाने और पानी टंकी से पेयजलापूर्ति की मांगें शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर नगर पंचायत में आपराधिक घटनाएं बढ़ी है, नगर में बढ़ते अपराध और आम नागरिकों की सुरक्षा हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु छतरपुर विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमून और युवा समाजसेवी आकाश चंद्रा के द्वारा संयुक्त रूप से तीन सूत्री मांग पत्र नगर के कार्यपालक अधिकारी को सौंपा। जिनमें नगर के सभी प्रमुख चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने, शहर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप से निजात दिलाने के लिए छतरपुर नगर मुख्यालय सहित विभिन्न वार्डों में फॉगिंग मशीन से फॉगिंग का छिड़काव करवाने। जल संकट से जूझ रहे छतरपुर नगर पंचायत मुख्यालय सहित विभिन्न वार्डों में पानी टैंकर से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांगें मुख्य रूप से शामिल थी।

## दर्जनों ने पूर्व विधायक देवेंद्र के समक्ष थामा कांग्रेस का दामन

■ अयोध्या साहू सहित दर्जनों ने ली पार्टी की सदस्यता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मनातू पलामू।** पूर्व विधायक बिट्टू सिंह के नेतृत्व में दर्जनों ने कांग्रेस का दामन थामा। जिनमें मनातू भाजपा विधायक प्रतिनिधि अयोध्या साहू, बैजनाथ उरांव, राजेंद्र तुरी, जितेश्वर यादव, रामनाथ उरांव, रामस्वरूप मेहता, हीरा साव सहित अन्य शामिल हैं। सभी का पांकी पूर्व विधायक ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। कहा कि आज देश के संविधान बदलने के लिए भाजपा सरकार बात कर रही है। जिसे दुनिया के लोग देख रहे हैं और गलत नीतियों के कारण ग्रामीण भाजपा से दूरी बना लिये हैं। अयोध्या ने आगे कहा कि चतरा लोकसभा में दो बार भाजपा सांसद और पांकी के वर्तमान विधायक के बावजूद मनातू में हक अधिकार जनता को नहीं मिला और न ही इंसाफ मिला।

### आरोपी गिरफ्तार

**पाटन पलामू।** नावा जयपुर थाना कांड संख्या-13/22 के प्राथमिक अभियुक्त देव कुमार यादव, पिता- स्व राम प्यारी यादव को नावाजयपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। देव कुमार थाना क्षेत्र के पंचकेड़िया का रहनेवाला है।

### पूर्वडीहा में होगा यज्ञ

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के ग्राम पूर्वडीहा में श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ 49वां अधिवेशन रखा गया है। इसकी जानकारी महायज्ञ के पदाधिकारियों ने दी। कहा कि 23 मई को सायंकालीन हनुमत पूजा, 24 से एक जून तक दिन में मानस पाठ व रात्रि में प्रवचन होगा।

## लापता युवक की अबतक सुराग नहीं परिजन जता रहे अनहोनी की आशंका

■ नौ दिन से लापता है छिपादोहर का युवक

■ पुलिसिया कार्रवाई से असंतुष्ट ग्रामीण आंदोलन का रुख करेंगे अख्तियार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के छिपादोहर निवासी चंद्रशेखर उर्फ डब्लू मिश्रा का बेटा राकेश उर्फ मोनू (25) पिछले नौ दिनों से लापता है। डब्लू ने विश्रामपुर थाना में गुमशुदगी का मामला भी दर्ज कराया था लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग पुलिस को भी नही मिला है। इधर, मोनू के परिजन किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए गम में डूबे हुए हैं। परिजन पुलिसिया कार्रवाई से भी संतुष्ट नहीं हैं। बताते चलें कि दस मई को मोनू घर से निकला था लेकिन वह आजतक वापस नहीं लौटा। लापता मोनू के पिता डब्लू मिश्रा ने बताया कि पुलिस को कुछ संदिग्धों का नाम भी बताया गया था, लेकिन पुलिस उनसे भी कड़ाई से पूछताछ नहीं कर पा रही है।

# भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में रबदा में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाते भाजपा नेता और कार्यकर्ता।**

**सतबरवा पलामू।** चतरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में प्रखंड क्षेत्र के रबदा गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसके मुख्य अतिथि लातेहार जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, चतरा लोकसभा क्षेत्र के जनजातीय संपर्क प्रमुख तथा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, भाजपा के प्रदेश मंत्री नीलम देवी ने भाग लिया। नेताओं ने मतदाताओं से कमल फूल छाप पर बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को जीत दिलाने के लिए अपील किया। मौके पर मुकेश निरंजन सिन्हा ने कहा कि पूरे चतरा संसदीय क्षेत्र में भाजपा की लहर चल रही है जिसमें आप सभी लोगों का सहयोग जरूरी है। वहीं अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र के सभी वर्ग समुदाय के लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। कालीचरण अपने राजनीतिक जीवन काल से ही मृदुभाषी है। पूरे संसदीय क्षेत्र की समस्याओं से अवगत है। इसलिए उनकी जीत सुनिश्चित है। नीलम देवी ने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों के दौरान कई ऐतिहासिक कार्य किये हैं जिससे देशकी जनता भाजपा के साथ है। मौके पर भाजपा नेता अमरेंद्र प्रसाद यादव, गंगेश्वर यादव, पूर्व पंसस धीरज कुमार, अनिल सिंह, ललित राम कई नेता मौजूद थे।

# मृतक के परिजनों से मिले रक्षा वाहिनी और जन कल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारी

■ मृतक होमगार्ड के परिजनों को सरकारी सुविधा दिलायेंगे : अजीत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**परिजनों से मिलते लोग।**

**मेदिनीनगर।** ग्राम पंचायत तोलरा में निरीक्षक अनुज कुमार झा पलामू जिला की रक्षा वाहिनी कार्यालय, जन कल्याण ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य अखिलेश पाठक चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष आशीष पासवान मृतक के परिजनों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया। मालूम हो कि नौ मई को लोकसभा चुनाव में कार्यरत विधान चंद तिवारी की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई थी। इसकी जानकारी मिलने रक्षा वाहिनी व ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया। पदाधिकारियों ने मृतक की पत्नी प्रभावती देवी, पुत्री अलका कुमारी, पुत्र विवेक रंजन को हरसंभव सहायता प्रदान करने की बात कही। कहा कि संकट की घड़ी वाहिनी व ट्रस्ट उनके परिजनों के साथ है। मौके पर निरीक्षक अनुज कुमार झा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सरकार द्वारा जो लाभ दिया जाता है उसे हर हाल में दिलाने का प्रयास करेंगे। विभाग की ओर से सीनियर पदाधिकारी को सूचित कर दिया गया है। विधान चंद तिवारी विगत साल भर से पलामू जिला होमगार्ड कार्यालय में अपना सेवा दे रहे थे। इनका सेवा काफी सराहनीय रहा है। जनकल्याण ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने बताया कि पीड़ित परिवार के लिए ट्रस्ट हमेशा खड़ा रहेगा। उनकी समस्या के लेकर जिला के वरीय पदाधिकारी से मिलकर जल्द ही चुनाव में मिलने वाली राशि एवं अनुकंपा पर नौकरी के लिए ट्रस्ट परिवार वरीय पदाधिकारी से मिल इनका समस्या का निदान करने के लिए तत्पर रहेगा।

स्पीड न्यूज

## बोकारो संगीत कला अकादमी में नयी लाइब्रेरी का लोकार्पण



बोकारो। बोकारो संगीत कला अकादमी में महिला समिति बोकारो द्वारा संचालित नई लाइब्रेरी का लोकार्पण महिला समिति की अध्यक्ष अनिता तिवारी द्वारा किया गया मौके पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक सुरेश रंगानी व राजन प्रसाद ईडी एसआरयू पीके रथ सीजीएम वरीय अधिशासी महिला समिति की उपाध्यक्ष प्रीति शरण इती रथ मोनिका रंगानी सचिव बंदना झा कोषाध्यक्ष रीता रानी सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार सुरभि प्रभारी अभिरुचि प्रिया समिति सदस्य पुष्पा भारतीय जया आशा तथा महिला समिति की अन्य सदस्य संगीत कला अकादमी की समिति के सदस्य और ट्रस्टी तथा गणमान्य अतिथि शामिल थे। महिला समिति द्वारा पूर्व में सेक्टर 1 सी में संचालित लाइब्रेरी का बोकारो संगीत कला अकादमी परिसर में स्थानांतरण किया गया है ताकि यहां उपलब्ध कराये गए पुस्तकों और संसाधनों के विशाल संग्रह का लोग लाभ उठा सके।

## एसकेएमयू के 58 नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों की सेवा हुई संपुष्ट

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत कॉलेजों में वर्ष 2022 में नियुक्त हुए कुल 58 सहायक प्राध्यापकों की सेवा संपुष्टि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शनिवार को किया गया। इस संबंध में कुलसचिव डॉ एस एन अधिकारी ने एक अधिसूचना जारी किया है। यहां बता दे कि कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में 10 मई को सेवा संपुष्टि (सर्विस कंफर्मेशन) कमेटी की बैठक हुई थी। उक्त कमेटी ने वर्ष 2022 में जेपीएससी के अनुशंसा पर नियुक्त कुल 58 सहायक प्राध्यापकों की सेवा संपुष्ट करने का निर्णय लिया था। उक्त बैठक में सेवा संपुष्टि समिति के सदस्य डीएसडब्लू डॉ जैनेन्द्र यादव, कॉमर्स और सामाजिक विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ टीपी सिंह, देवघर कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ अखिलेश कुमार और कुलसचिव डॉ एस एन अधिकारी उपस्थित थे। शिक्षकों की नियुक्ति विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कॉलेजों में जेपीएससी के अनुशंसा पर वर्ष 2022 में किया गया था। इन शिक्षकों का परिवीक्षा अवधि (प्रोबेशन पीरियड) एक वर्ष का था।

# प्रधानमंत्री मोदी आदिवासी व गरीबो को समृद्ध बना रहे हैं : बाबूलाल मरांडी

### बरहेट विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरहेट।** शनिवार को नवगछिया फुटबॉल मैदान में भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सड़क मार्ग से नवगछिया स्थित सभा स्थल पहुंचे। उनका स्वागत महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रेणुका मुर्मू ने अंग वस्त्र और बुके देकर किया। कार्यक्रम में बाबूलाल मरांडी अपने संबोधन में कहा कि ताला मरांडी के पक्ष में वोट मांगते हुए नरेंद्र मोदी को उपलब्धियां गिनाते हुए वोट देने के अपील किया। आज हमलोग लालटेन भूल, ढिबरी, भूलकर उजाले में लाया है गांव गांव तक बिजली पहुंचाया। साथ ही कहा कांग्रेस की मंत्री आलमगीर आलम की घोटाला को उजागर करते हुए कहा उसका पीए का नौकर के पास इतना पैसा कैसे आया, आज जेल में है तो जनता का पैसा चोरी करने के आरोप में हैं। वो हमारे सेवक नही बल्कि चोर हैं। झारखंड राज्य भी भाजपा ने ही बनाया। आज नरेंद्र मोदी मोदी ने गांव गांव तक पक्की सड़क पहुंचाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिद्धो, कान्हु, चांद भैरव को सम्मानित किया है। देश के सर्वोच्च पद पर द्रौपदी मुर्मू हैं वो आदिवासी महिला है। प्रधानमंत्री देश के आदिवासी गरीबो के कल्याणकारी योजना चलाकर देश को समृद्ध बना रहे हैं। झारखंड को लुटने वाले आज जेल में मुख्यमंत्री, उनके मंत्री, प्रतिनिधि सभी जेल में हैं जो जनता का पैसा लूट कर खाने और लूटने के कारण है। अगर ये लोग ऐसे लूटते रहेंगे तो जेल जाते रहेंगे। देश को विकास करना है तो एक जून को कमल पर बटन दबाएं। इसलिए मैं आया हूं कि नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस दुष्प्रचार को घर घर तक जनता को बताएं। इंडिया गठबंधन में जितने भी लोग हैं सब चोर हैं और मौका है ये इन चोरों से देश को बचाने एक 1 जून को सुबह उठकर सबसे पहले मतदान करेंगे यही अपील करने के लिए मैं यहां आया हूं।

# चुनाव में बीएलओ व सुपरवाइजरों की भूमिका अहम : विजया जाधव



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** लोकसभा चुनाव के तहत 25 मई को होने वाले मतदान के सफल संचालन एवं मतदान प्रक्रिया के समय प्रबंधन को बेहतर करने को लेकर डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में न्याय सदन सभागार में 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के बीच विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान सभी को उनके कार्य एवं दायित्व के संबंध में विस्तार से बताया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन में बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजरों की अहम भूमिका है। सभी अपने कर्तव्य एवं दायित्व के निष्पादन में गंभीरता बरतें। उन्होंने सभी को 18 मई तक शत-प्रतिशत मतदाताओं के बीच मतदाता सूचना पर्ची का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ/बीएलओ सुपरवाइजर को सम्मानित करने की बात कहीं। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के वरीय नोडल सह एएमसी सौरव कुमार भुवानिया निवार्ची पदाधिकारी सह एएसी मो मुमताज अंसारी निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता, एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, कुमार कनिष्क सत्य बाला सिन्हा उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सीसीएल कर्मी की मौत, बेटे को तत्काल मिली नौकरी



बेरमो। सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र की कारो खुली खदान में ड्राइवर के पद पर कार्य भारत राम की कार्य के दौरान तबियत बिगड़ गई। जिससे उसकी आकस्मिक मौत हो गई। सीसीएल प्रबंधन मृतक के छोटे पुत्र विक्की कुमार को तत्काल नीति पत्र दिया। जानकारी के अनुसार सुभाष नगर निवासी भरत राम (50 वर्ष) शुक्रवार को जेनरल शिफ्ट ड्यूटी पर थे। काम के दौरान अचानक बेहोश होकर गिर गया।आनन–फानन में उन्हें केंद्रीय अस्पताल ढोरी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित दिया। मामले की जानकारी पर सीसीएल के कई अधिकारी केंद्रीय अस्पताल पहुंचे और घटना की बाबत जानकारी ली। मौत को लेकर हार्ट अटैक की संभावना जताई जा रही है। वही मामले की सूचना पर कई श्रमिक नेता भी अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। परिजनों की सहमति पर देर शाम को कारो परियोजना कार्यालय में पीओ एस के झा ने छोटे पुत्र बिक्की कुमार को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र दिया। इस अवसर पर कार्मिक प्रबंधक पीएन न सिंह और रमेश कुमार, पीई ईएंड एम नानक साहब सहित राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, शाखा अध्यक्ष अरुणजय कुमार सिंह व सचिव प्रताप सिंह, राकोमयू नेता कुंज बिहारी प्रसाद व आलोक अकेला, सीसीएल सीकेएस नेता राम निहोरा सिंह, समाजसेवी उमेश रवानी, पूर्व पार्षद अशोक अग्रवाल, सीटू नेता मनोज पासवान व पंकज महतो, ललन रवानी, गौतम सेन गुप्ता, छोटु रवानी, मनोज चौधरी, अरुण कुमार आदि शामिल हुए।

### मतदान जागरूकता अभियान के तहत जरीडीह बाजार में हुआ नुक्कड़ नाटक का आयोजन



बेरमो। जरीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया बहनों द्वारा मतदान जागरूकता अभियान के तहत मित्र परिषद पुस्तकालय जरीडीह बाजार में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के भैया बहनों ने उत्साहवर्धक प्रदर्शन किया जिससे समाज के लोगों में मतदान के प्रति सकारात्मक संदेश गया। बच्चों ने मतदान को सफल बनाने के लिए अपने नारे दिए जैसे पहले मतदान फिर जलपान, मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय बच्चों को उत्सवर्धन करते बच्चों को आशीर्वाद दिया विद्यालय के सचिव अनिल अग्रवाल ने इस कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई दी मौके पर सागर गुप्ता विद्यालय के आचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव महेंद्र मंडल जी रुबीना जी धीरज जी शकुंतला जी सीता जी अरुण जी दीक्षा जी पिंकी जी श्वेता की खुशबू जी काजल की महारानी जी सुमित जी आदि का सक्रिय योगदान रहा।

### बीएसएल के ऑपरेशन गैरेज और सीबीआरएस में चार नये बुलडोजर शामिल



बोकारो। बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में बीएसएल के ओजी और सीबीआरएस विभाग में 04 नए भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित बीडी 355 बुलडोजर की कमीशनिंग कर उन्हें सेवा में बहाल किया गया। मौके पर अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) चित्तरंजन महापात्रा अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन तथा अतिरिक्त प्रभार संकार्य ) राजन प्रसाद मुख्य महाप्रबंधक गण वरीय अधिशासी सम्बद्ध विभाग के अधिकारी और कर्मचारी गण तथा बीईएमएल के क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक कुमार तथा उनकी टीम के सदस्य शामिल थे। मौके पर उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों को मशीनों की विशेषताओं और अन्य विवरणों के बारे में प्रशांत किशोर प्रबंधक (ओजी और सीबीआरएस) सी सेठी सहायक महा प्रबंधक (ओजी और सीबीआरएस) के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। सभी बुलडोजर 46 टन ऑपरेटिंग क्षमता के हैं जिनका उपयोग मुख्य रूप से संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों में डोजिंग के लिए किया जाएगा।

# आरक्षण पर डाका डालने का प्रयास कर रही है केंद्र सरकार : मंत्री बसंत सोरेन

खबर मन्त्र संवाददाता



चुनाव सभा में उपस्थित नलीन सोरेन एवं मंत्री बसंत सोरेन

**दुमका।** जिले के जामा प्रखंड क्षेत्र के सिकटिया पंचायत के कुशबेदिया मैदान में शनिवार को झामुमों के चुनावी सभा में बतौर स्टार प्रचारक बसंत सोरेन ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन भी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री बसंत सोरेन ने बताया कि जनता को अपने विचारों को व्यक्त करने का समय आ गया है। अपना भविष्य किसके हाथों में सौंपना है वह वक्त आ गया है। इसके पहले के लोकसभा चुनाव में लोगों ने जिस प्रत्याशी पर विश्वास जताया था। वह खरा नहीं उतर पायी है। केंद्र सरकार आरक्षण पर डाका डालने का प्रयास कर रही है। अगर आरक्षण में छेड़छाड़ किया गया तो इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने झामुमों के प्रत्याशी नलिन सोरेन के विषय में बताया कि झारखंड राज्य दिलाने में उन्होंने खूब लड़ाइयां लड़ी है। पुलिस के डंडे भी खाये हैं। शिकारीपाड़ा विधानसभा से 37 वर्षों से विधायक चुनते आ रहे हैं। वहां की जनता आज भी उनको काफी प्यार देते आ रहे हैं। इसी का नतीजा है कि झामुमों ने उन्हें लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। प्रत्याशी नलिन सोरेन ने अपने संबोधन में बताया कि वह 7 बार से लगातार शिकारीपाड़ा विधानसभा से बतौर विधायक चुनते आ रहे हैं। गुरुजी ने उनपर विश्वास जताकर हमें प्रत्याशी बनाया है। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद 17 वर्षों तक भाजपा ने यहां शासन किया है। लेकिन यहां की जनता को कभी आगे बढ़ाने या उनकी आमदनी बढ़ाने का प्रयास नहीं किया। हेमंत सोरेन की सरकार में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। जिससे आम जनता को इसका भरपूर लाभ मिला है। उन्होंने मौके पर उपस्थित कार्यकताओं एवं जनता से अपील की कि अगर वो जीतते हैं, तो दुमका लोकसभा के सभी व्यक्ति का सुख दुख में भागीदार बनेंगे। कार्यक्रम के पूर्व सिकटिया पंचायत के मुखिया गोकुल सोरेन के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने झामुमो में विश्वास रखते हुए पार्टी में योगदान दिया। जिन सभी को मंत्री एवं प्रत्याशी ने झामुमों का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मंच का संचालन वरुण यादव ने किया। मौके पर जिला सचिव शिवकुमार बास्की, कालेश्वर सोरेन, सचिव सत्तार खां, गौतम दर्वे, महेंद्र यादव, लंबोदर यादव, मुकेश यादव, प्रफुल्ल मंडल, सुरेश सोरेन, उमा यादव, निर्मल किस्कू, निर्मल बेसरा, संतोष हांसदा, संतोष मंडल, चंद्रकांत मंडल सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नीलकंठ हत्याकांड में पिस्टल के साथ तीन गिरफ्तार



**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के जोकेला गांव में 26 अप्रैल की सुबह घर के बरामदे में सोए 55 वर्षीय नीलकंठ यादव की गोली मारकर हत्या के आरोप में निरंजन यादव, संजय यादव व नित्यानंद यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। सभी हत्याकांड के अप्राथमिकी अभियुक्त हैं, जबकि मृतक के पुत्र ने जिन पांच लोगों को नामजद आरोपी बनाया था। उन्हें पुलिस ने क्लीनचिट दी है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक देसी पिस्टल भी बरामद किया है। पुलिस का दावा है कि हत्याकांड में तीन लोग शामिल थे और सभी ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया है।






स्पीड न्यूज

## मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सोहरलात के ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार का ऐलान



**कुंदा।** कुंदा प्रखंड क्षेत्र के सिक्कीदाग पंचायत अंतर्गत सोहरलात गांव के ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोकसभा चुनाव में पूर्ण रूप से वोट बहिष्कार करने का ऐलान किया है। उन्हें आज भी उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है और गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में कई किलोमीटर दूर खटिया पालकी की मदद से प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचना पड़ता है। प्रखंड मुख्यालय से गांव के बीच एक नदी है जिस पर पुल नहीं है, जिससे बारिश के दिनों में नदी पार करना खतरनाक हो जाता है। सरकारी उदासीनता के कारण ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी पार कर अपनी जरूरतों को पूरा करते हैं। इसी उदासीनता से तंग आकर ग्रामीणों ने इस बार लोकसभा चुनाव में पूर्णतः वोट बहिष्कार करने का फैसला किया है। उक्त गांव में अधिकांश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते हैं। जबकि एक तरफ सरकार मतदाताओं को जागरूक करने का काम कर रही है, वहीं दूसरी तरफ मतदाता मूलभूत सुविधाओं के अभाव में वोट का बहिष्कार कर रहे हैं।

## वोटिंग के लिए किया गया प्रोत्साहित



**गिद्धौर।** शनिवार को प्रखंड प्रशासन और प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के नेतृत्व में प्रखंड पंचायत गांव के मतदाताओं को जागरूक किया गया। मतदाताओं को 20 मई को पहले मतदान करने और फिर जलपान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही, यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी मतदाता छूट न जाए, लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में कई नारे लगाए गए, जैसे 'वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है', 'वोट हमारा अपना अधिकार, कभी ना करें इसको इनकार', 'चाहे नर हो या नारी, मतदान करना सबका है जिम्मेदारी', 'लोकतंत्र का सम्मान करेंगे, निर्भय होकर मतदान करेंगे'। इस कार्यक्रम में दिगंबर पांडेय, विजय रजक, अभिनंदन कुमार और ब्लाक के कर्मी के साथ-साथ कई अन्य लोग भी सम्मिलित थे।

### मतदान के लिए बूथों पर रवाना होने वाले वाहनों में लगाया गया जीपीएस सिस्टम

# नियंत्रण कक्ष से वाहनों की होगी निगरानी

उमा शंकर



**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव को स्वच्छ और पारदर्शितापूर्वक सम्पन्न करवाने को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पहली बार चुनाव कार्य में लगे वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया गया है। जीपीएस सिस्टम लगे वाहनों को बूथों पर रवाना होने से लेकर बूथों तक पहुंचने और पुनः मतदान के बाद ईवीएम लेकर लौटने तक इन वाहनों पर सतत निगरानी रखने के लिए यह व्यवस्था किया गया है। इन जीपीएस लगे वाहनों पर निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां से इन वाहनों की ऑनलाइन ट्रेकिंग किया जाएगा। कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर जिले से करीब 306 वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, बागीटांड स्टेडियम में खड़े इन वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाने का कार्य निजी कंपनी लारा किया गया है। वहीं बताया जाता है कि कम्पनी लारा जीपीएस लगे वाहनों का निबंधन नम्बर, पोलिंग पार्टी के नम्बर, विधानसभा क्षेत्र, वाहन चालक का नाम मोबाइल नम्बर, सेक्टर पदाधिकारी का नाम आदि जीपीएस में डाला गया है।

## बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए करें प्रेरित : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारलाज लारा बीडीओ, सीओ व सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी व नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक किया गया। वहीं उन्होंने आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया ताकि निर्वाचन प्रक्रिया का निर्बाध रूप से सफल संचालन किया जा सके। वहीं स्वास्थ्य विभाग को सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मेडिकल किट उपलब करने, बीडीओ को प्रत्येक मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं यथा बिजली, पानी, शौचालय, शीतल पेयजल, दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर, रैंप की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित करने, बिजली विभाग के पदाधिकारी को मतदान दिवस के दिन निर्बाध बिजली आपूर्ति हेतु निर्देशित किया गया। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। वहीं मतदान प्रतिशत में अधिकाधिक वृद्धि के दृष्टिकोण से सभी बीएलओ व बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों को घर-घर जाकर 20 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि बीएलओ घर-घर जायें, उन्हें उनके मतदान केंद्र के बारे में जानकारी दें और मतदान करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजुर, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएसओ अविनाश पुरेंदु, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर समेत सभी बीडीओ, सीओ समेत अन्य लोग शामिल थे।

## नैतिक मतदान की दिलाया गया शपथ

**कोडरमा।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के लारा नैतिक मतदान करने का शपथ दिलाया गया। हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। की शपथ दिलाया गया।

## मनीष जयसवाल के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला रैली

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सैकड़ो की संख्या में हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल के समर्थन में शनिवार को चंदवारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में मोटरसाइकिल रैली निकाली। वहीं जुलूस की शुरुआत चंदवारा बाजार चौक चुनावी कार्यालय से निकल कर आरागारो, भोंडो, थाम, खांडी, मदनगुंडी, उरवां, तितिरचांच का भ्रमण किया। इस दौरान नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद, मनीष जायसवाल, बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद के नारे लगाते चल रहे थे। मौके पर लारिका राणा, लक्ष्मण यादव, कुलपति राम, आनंद मोदी, विनय यादव, राजेश साव, प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

एक नजर में

## होम वोटिंग सुविधा मिलने से दिखा उत्साह



**कोडरमा।** निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में उपायुक्त मेघा भारलाज के निर्देश पर चलने फिरने से लाचार वरिष्ठ बुजुर्गों व दिव्यांगों को होम वोटिंग की सुविधा मिलने पर ऐसे वोटरों में मतदान के प्रति काफी उत्साह देखा गया। वहीं शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित महावीर मुहल्ला में लगभग 100 वर्षीय महिला देवन्ति देवी के घर जब प्रशासन की टीम वोट के लिए पहुंची तो बुजुर्ग महिला काफी उत्साहित दिखी, वोट डालने के बाद बुजुर्ग महिला ने उपायुक्त और निर्वाचन आयोग के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि शारीरिक अवस्था के कारण वे इस बार वोट डालने से असमर्थ थीं, उन्हें उम्मीद नही था कि उम्र के अंतिम पड़ाव में उन्हें वोट डालने का अवसर घर बैठे प्रदान किया जाएगा। महिला ने जिलेवासियों से भी वोट डालने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील की। इार विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक 25 लोगों को होम वोटिंग की सुविधा उपलब कराई गई है। जिसमें 80 वर्ष से अधिक उम्र वाले चलने फिरने से असमर्थ वोटरों की संख्या 14 है, जबकि चलने फिरने से असमर्थ दिव्यांग वोटरों की संख्या 11 है।

## पूर्व मंत्री पहुंचे कोडरमा, अन्नपूर्णा देवी को वोट देने की अपील



**कोडरमा।** झारखंड के पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी शनिवार को कोडरमा पहुंचे। इस दौरान जलवाबाद, नगरखारा स्थित भाजपा कार्य समिति सदस्य ओबीसी मोर्चा विनोद कुमार मुन्ना के आवास पर उनका स्वागत पुष्पगुच्छ देकर व माला पहनाकर किया गया। वहीं उनके लारा चंद्रवंशी समाज के साथ-साथ सभी समाज के लोगों को भाजपा को वोट देने की अपील किया। वहीं उन्होंने कहा कि मोदी के सपने को साकार करने के लिए अन्नपूर्णा देवी को भारी मतों से विजय बनाना है। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गरीबों, युवाओं महिलाओं व अभिभावकों की चिंता व सम्मान करते हैं। उनके सपने को साकार चार सौ पार सीट पर विजय बनाकर करेंगे। मौके पर जयप्रकाश राम, उमेश राम, विरेंद्र राम, देवेंद्र कुमार, रविंद्र वर्मा, सुजित चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, लखन राम, गौतम चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, सीताराम भगत, धीरज चंद्रवंशी समेत सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे।

## मतदान केंद्रों तक अवश्य पहुंचे व मताधिकार का करें प्रयोग : डीसी

कोडरमा। मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने एवं मतदान प्रतिशत में अधिकाधिक वृद्धि के दृष्टिकोण से हरेक पोलिंग स्टेशन में दिव्यांग, वृद्ध एवं असहाय मतदाताओं के लिए छोटी छोटी वाहनों की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही सुदूरवर्ती क्षेत्रों के मतदाताओं को जो कतिपय कारणों से मतदान केंद्रों तक पहुंचने में असमर्थ हैं, उनके लिए भी अतिरिक्तवाहन की व्यवस्था की गयी है। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारलाज लारा अपील किया गया है कि मतदान केंद्रों तक अवश्य पहुंचे और अपने अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## सखी मंडल ने मतदाताओं को फूल देकर मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**कोडरमा।** स्वीप गतिविधि के निमित्त जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जेएसएलपीएस की सखी मंडल लारा घर-घर जाकर मतदाताओं को फूल देकर मतदाताओं से 20 मई को मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करने का संदेश दिया जा रहा है।

# चतरा लोकसभा क्षेत्र में कल होगा मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान की पूरी तैयारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप और उनकी टीम द्वारा कर ली गई है। नक्सल प्रभावित इलाकों में पारा मिलिट्री फोर्स तैनात की गई है। शनिवार को चतरा कॉलेज से सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के 24 और चतरा विधानसभा क्षेत्र के 8 बूथ केंद्रों के लिए पी-2 पार्टी को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिए भेजा गया है। शेष पार्टियों को आज चतरा कॉलेज से डिस्पैच किया जाएगा। डीसी और एसपी ने संयुक्त रूप से बताया कि मतदाता निर्भीक होकर घरों से निकलकर मतदान करें। उनकी सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। जिन मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में है, लेकिन उन्हें वोटर कार्ड या मतदाता पर्ची नहीं मिली है, वे भी फोटोयुक्त दस्तावेजों के साथ मतदान कर सकते हैं। चतरा लोकसभा क्षेत्र में 16 लाख 87 हजार 841 मतदाता 22 प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। 8 लाख 60 हजार 982 पुरुष और 8 लाख 26 हजार 859 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सभी मतदाताओं से अपील है कि वे अपने बूथ पर जाकर मतदान करें और चतरा जिला को अच्छी पहचान दिलाएं।

## कालीचरण सिंह के पक्ष में जनसंपर्क अभियान



**इटखोरी।** आजसू पार्टी ने केंद्रीय सचिव सह चतरा लोकसभा प्रभारी पारस नाथ सिंह ने शनिवार को इटखोरी और मयूरहंड प्रखंड के कई गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से कालीचरण सिंह के पक्ष में समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुए विकास से जनता खुश है और देश के कोने-कोने तक विकास किया गया है। दौरे में केंद्रीय सदस्य हीरा निषाद, संदीप सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष शिवलाल दांगी, छोटू सिंह भोक्ता, जिला सचिव मंटू कुमार दांगी, जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार मेहता, इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष बिरजू राणा, मयूरहंड प्रखंड अध्यक्ष सिकेंद्र मेहता, शशि सिंह, छोटन मिश्रा और दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## स्पीड न्यूज

### राजकियकृत मध्य विद्यालय सिलम में आयोजित दो दिवसीय समर कैंप संपन्न



गुमला। राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलम रायडीह में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसका समापन शनिवार को हुआ। कैंप में बच्चों को मुख्य रूप से खेल-खेल के माध्यम से पढ़ाई की भावना को जागृत किया गया। बच्चों को जोड़, घटाव, गुणा, भाग व ज्यामितीय आकृतियां आदि क्रियाओं का सरल विधि से जानकारी दी गई। वहीं हिंदी व अंग्रेजी पठन कहानी का नाट्य रूप में मंचन कर बच्चों को समझाया गया। समर कैंप में पेंटिंग, कटिंग सहित कई तरह के प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। समर कैंप में राजकीय प्राथमिक विद्यालय चौली व हुंडराटोली के बच्चे भी शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कनक भगत, शिक्षक मुक्तामणि कुजूर, किरण कुमारी, जिर्मनी देवी, प्रेमशीला कुमारी, शुभा देवी, ब्रजेश आनंद, सिंकदर साहु, अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के चंदन, आशुतोष, पूजा, साकेत, सुमन, मार्गी व संकुल साधन सेवी नीता प्रसाद उपस्थित थी।

### बच्चों के ज्ञान को विकसित करने में अध्यापकों की भूमिका अहम : महेंद्र भगत



गुमला। विकास भारती विशुनपुर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शनिवार से आरंभ हुआ। प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन दीप प्रज्जवलित कर शिक्षा पराशर्मी रांची के जीव्ही एसआर प्रसाद, रामाशंकर प्रसाद, राजेश मिश्रा, महेंद्र भगत व कुमकुम मैत्रा के द्वारा किया गया। मौके पर विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मुख्य केंद्र है। बच्चों के ज्ञान को विकसित करने में अध्यापकों को भूमिका सबसे अहम है। बच्चों में ज्ञान की समझ विकसित करने वाली गतिविधियों के दृष्टिकोण से यह प्रशिक्षण आयोजित की गई है। जिसके लिए छात्रों व अध्यापकों की कक्षा में नियमित उपस्थित अनिवार्य है। शिक्षक प्रशिक्षण के प्रभारी राकेश कुमार ने कहा कि छात्र के अध्ययन प्रगति का मूल्यांकन करना शिक्षक की अहम भूमिका है। इस अवसर पर सोमरा उरांव, राजकुमार खेरवार, छंदा पात्र, नितेश खेरवार, प्रभाकर सुरेन, बाबू राम, राम बाबू, मुनिता सहित प्रशिक्षु शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

### गोवा में मरे डुको पिपरटोली निवासी मजदूर मनिया का शव पहुंचा गांव



घाघरा। घाघरा प्रखंड के डुको पिपरटोली ग्राम निवासी मजदूर मनिया लकड़ा का गोवा में दुर्घटना में हुए मौत के बाद शनिवार को उसका शव गांव पहुंचा। जहां गांव में परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने बताया कि मनिया लकड़ा गोवा राज्य मजदूरी का काम करने सात महीने पूर्व घर से गया था। जहां बीते बुधवार को काम करने के दरम्यान सेंटरिंग करने छत पर चढ़ा था। जहां से वह नीचे गिर गया। इलाज क दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। परिजनों को बोलाकर शव को सौंपा गया। इसके बाद शनिवार को शव एंबुलेंस से डुको पीपर टोली गांव पहुंचा। जहां परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने कहा कि मनिया घर का इकलौता काम करने वाला था। घर की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है।

### जारी में युवती ने की आत्महत्या



जारी। जारी थाना क्षेत्र के बुमतेल गांव निवासी 20 वर्षीय प्रमिला कुमारी पिता महेन्द्र मुण्डा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका प्रमिला कुमारी पिछले एक महीने से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। वहीं मृतका के परिजनों ने बताया की शुक्रवार की रात हमलोग सभी परिवार खाना खाकर सोने चले गये। तभी वह किसी को कुछ बिना बताये घर से चली गई। जब सुबह वह अपने कमरे में नहीं दिखी तो हमलोगों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। तभी गांव के लोग जब अपने खेतों की ओर जा रहे थे तो देखा की सिकरी नाला रोड के पास आम के पेड़ में रस्सी के सहारे युवती लटकी हुई है। जिसके बाद परिजनों ने शव की पहचान अपने बेटी प्रमिला के रूप में की। इधर घटना की जानकारी मिलते ही जारी के जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक, थाना प्रभारी आदित्य कुमार, ए एस आई बिनोद शर्मा दल बल के साथ घटनास्थल पर पंहुच कर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गुमला भेज दिया और मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### डायन बिसाही का आरोप लगाकर युवक ने महिला पर किया जानलेवा हमला

गुमला। रायडीह थाना क्षेत्र के कांसीर निवासी 42 वर्षीय महिला अलीशा टोप्पो पर गांव के ही मिशिर किंडो ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकूबाजी के कारण महिला अलीशा टोप्पो गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना शनिवार सुबह करीब 10 बजे की है। परिजनों ने जख्मी अलीशा को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घायल अलीशा ने कहा कि मिशिर किंडो ने डायन बिसाही का आरोप लगाते हुए उसपर जानलेवा हमला किया। लेकिन किसी तरह से भाग कर जान बचाई और इलाज के लिए अस्पताल पहुंची।

# सदर अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों ने मरीज के परिजनों को पीटा

- पीड़ित युवक ने सिविल सर्जन को ज्ञापन देकर दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की
- जांच में अस्पताल में लगे सीसीटीवी का लिया जायेगा सहारा

**खबर मंत्र संवाददाता**



मामले की जानकारी लेते डीएस डॉ एसएन चौधरी।

**लोहरदगा।** लोहरदगा सदर अस्पताल में इलाजरत मरीज को खाना पहुंचाने अस्पताल आये मरीज के परिजन के साथ सदर अस्पताल की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा लाठीचार्ज कर बेहरमी के पिटाई करने व जाती सूचक गाली गलौच करने का मामला उजागर हुआ है। घटना शुक्रवार की बताई जा रही हैं। इस संबंध में लोहरदगा शहरी क्षेत्र के वाल्मीकि नगर निवासी पीड़ित प्रकाश करुवा पिता स्वः विश्वनाथ करुवा ने जय श्री राम समिति के माध्यम से सदर अस्पताल पहुंचकर सिविल सर्जन को लिखित ज्ञापन देते हुए सुरक्षा व्यवस्था में तैनात दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की हैं। प्रकाश करुवा ने सीएस को दिए आवेदन में कहा है कि 17 मई शुक्रवार की सुबह 9 बजे अस्पताल में भर्ती मरीज के लिए खाना लेकर सदर अस्तपाल में आया था, इसी दौरान जब में स्कुटी खड़ा कर मरीज के पास खाना लेकर जाने के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों के द्वारा रोका गया और गाली-गलौज किया गया। जब मै गाली-गलौज का विरोध किया तो वहां मौजूद सभी सुरक्षा गार्ड ने मिलकर मुझे पीटा और पीटते हुए सदर अस्तपाल के बाहर कर दिया। इस दौरान मुझे जाति सूचक अपशब्द कही गई। कहा कि पिटाई से पूरे शरीर पर दर्द से मरीज को खाना भी नहीं पहुंचा पाये। प्रकाश करुवा ने सीएस को सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर घटना में शामिल पुलिस कर्मियों के विरुद्ध सख्त करवाई करने की गुहार लगायी हैं।

इधर मामले को लेकर सदर अस्पताल की उपाधीक्षक डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी ने कहा है कि घटना का मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच की जा रही है, सीसीटीवी कैमरों की भी जांच पड़ताल कर अग्रतार कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# 10 वीं एवं 12वीं के टॉप 10 विद्यार्थियों को जिला स्तर पर करें सम्मानित : उपायुक्त

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शनिवार को शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने विद्यालयों के नए सेशन एवं विद्यार्थियों के एडमिशन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने 4 जून के पश्चात सभी प्रक्रिया को प्रारंभ करने की बात कही। उपायुक्त ने इस वर्ष 10 वीं एवं 12वीं के टॉप 10 विद्यार्थियों को जिला स्तर पर सम्मानित करने की बात कही। जिसके लिए उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूची तैयार कर लेने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वैसे विद्यालय जहां इस बार सबसे अधिक विद्यार्थियों ने असफलता हासिल की अथवा जिस विद्यालय का रिजल्ट अन्य विद्यालयों की तुलना में कम है कि सूची बनाते हुए उक्त विद्यालयों से एक्टिव पदाधिकारियों को विद्यालय से टैग करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने विद्यालयों के खुलने से पहले वहां के सभी व्यवस्थाओं को पूर्व में ही दुरुस्त कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालयों के आईटी लैब, साइंस लैब, स्मार्ट क्लासेज आदि का भी निरीक्षण करते हुए यदि आवश्यक मरम्मती की आवश्यकता हो तो उसे भी कर लेने की बात कही। सभी विद्यार्थियों के बीच समय से पुस्तकें, यूनिफार्म, जूते, बैग इत्यादि का वितरण कराने का निर्देश दिया गया।

# स्कूल के आस-पास लगने वाले गुटखा सिगरेट के दुकानों को हटायें : उपायुक्त

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में एनसीओआरडी समिति, कारा, खनन एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित संयुक्त समीक्षात्मक बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया। एनसीओआरडी समिति की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में अवैध रूप से नशीले पदार्थों पर रोक लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालयों के बाहर लगने वाले छोटे दुकान जहां नशीले पदार्थों के बिक्री करने की संभावना है वाले दुकानों को वहां से शिफ्ट करवाने का निर्देश दिया। विद्यालय के बाहर या आस पास गुटखा, पान, सिगरेट आदि की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को किसी नशीले पदार्थों का लत न लगे इसके लिए नियमित जांच एवं आवश्यक छापेमारी करें। खनन अंतर्गत हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अवैध खनन पर रोकथाम करने हेतु विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य चौक चौराहों एवं डंपियार्ड पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को नियमित छापेमारी भी करने की बात कही। जब्त हुए बालू की नीलामी करने की बात कही। सड़क सुरक्षा से संबंधित समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना से हुए मृतकों के परिवारजनों को जल्द ही मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा सड़क दुर्घटना से हुए मृतकों के परिवारजनों को सड़क सुरक्षा के तहत 2 लाख रुपए की मुआवजा राशि दी जाती है। इसके साथ ही उपायुक्त ने पूर्व में प्रारंभ हुए सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पेट्रोल पम्प में बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने के नियम को पुनः लागू करने का निर्देश दिया।

# लोस चुनाव कठिन चुनावों में से एक, सबके सहयोग के बिना यह संभव नहीं था : डीसी

>> मतदान संपन्न होने के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव अंतर्गत लोहरदगा जिला में मतदान सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपलक्ष्य में शनिवार को पदाधिकारियों व कर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम में जिला में सभी कोषांगों में बेहतर कार्य करनेवाले पदाधिकारी व कर्मी, बेहतर कार्य करनेवाले पुलिस पदाधिकारी, सभी बीडीओ व सीओ, थाना प्रभारी व अन्य पदाधिकारी व कर्मियों समेत कुल 103 पदाधिकारियों/कर्मियों सम्मानित किया गया। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि लोकसभा चुनाव देश के सबसे कठिन चुनावों में से एक है, जिसमें कई स्तर पर तैयारियां करनी पड़ती हैं। इस चुनाव में सभी ने संपूर्ण समर्पण के साथ कार्य किया जिसका प्रतिफल रहा कि लोहरदगा जिला में चुनाव बेदाग और सफल तरीके से संपन्न हुआ। सभी कोषांग के पदाधिकारियों व कर्मियों ने बेहतर कार्य किया। पुलिस और सीआरपीएफ ने बेहतर सुरक्षा व्यवस्था का कार्य किया और विभिन्न सुरक्षा बलों के साथ बेहतर समन्वय रखा। सभी बीडीओ एवं अचल अधिकारियों का बेहतर कार्य रहा। पेशरार, सेरेंगदाग और जोबांग थाना प्रभारियों द्वारा बेहतर कार्य किया गया।

**सभी ने अपनी कार्यकुशलता साबित की : हारिस बिन जमां**

एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि जो भी प्लान किया गया वह सही रहा। सभी ने अपनी कार्यकुशलता साबित की। आचार संहिता के पालन में जो जब्त किया गया वह सही तरीके से त्वरित कार्रवाई करते हुए किया गया। नियमित रूप से निर्वाचन संबंधित प्रशिक्षण में लोग शामिल होते रहे और कार्य किया।

**सभी ने लगन के साथ कार्य किया : राहुल कुमार**

सीआरपीएफ कमाण्डेंट राहुल कुमार ने कहा कि इस चुनाव में सभी ने बेहद लगन के साथ कार्य किया। कार्यक्रम में सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी समेत सभी पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। संचालन उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर द्वारा किया।

### मछली मारने अम्बा बांध गये व्यक्ति की डूबने से हुई मौत



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के टिंनटांग बसाईरटोली गांव में वन विभाग द्वारा बनाये गये अम्बा बांध में डुबने से गांव के सुदेश रौतिया पिता स्वर्गीय ठोल्हा रौतिया उम्र 55 वर्ष की मौत हो गई। घटना शनिवार के पूर्वाह्न 11.30 बजे की है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बतलाया की रविवार को गांव में सरहुल का पर्व है। जिसमें परंपरा के अनुसार शनिवार के दिन सभी ग्रामीण बांध में मछली पकड़ने गये थे। सभी ग्रामीण बांध में उतरकर मछली पकड़ रहे थे। वहीं मृतक बांध के बाहर ही बैठा हुआ था। फिर बांध में उतर गया और डूबने लगा। जिसे देख ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला। जिसके बाद उसकी मौत हो गई। चैनपुर पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए गुमला भेज दिया।

# कानून के रक्षक ही कानून तोड़ेंगे, ये नहीं होगा : सुखदेव

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** पुसो मंडल कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र लोहरा जिनका दो दिन पूर्व थाना प्रभारी के द्वारा बर्बरता पूर्वक पिटाई किया गया था। जिसके कारण उसके शरीर के कई हिस्सों में चोट लगी थी। इस मामला को लेकर इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने पुलिस अधीक्षक से वार्ता किया था। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया था। शनिवार को सुखदेव भगत जितेंद्र लोहरा के आवास पहामू सिसई पहुंचकर जितेंद्र लोहरा एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना और कहा कि पूरा कांग्रेस परिवार आपके साथ है। मौके पर आवास पर काफी संख्या में कांग्रेसजन एवं ग्रामीण भी उपस्थित थे। भगत ने कहा कि किसी भी कांग्रेस कार्यकर्ता पर प्रशासन द्वारा गया किया गया अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अमानवीय कृत करने वाले थाना प्रभारी पर कानूनी कार्रवाई करने हेतु वे मानवाधिकार एवं एसटीएससी आयोग को भी पत्र लिखेंगे। भगत फिर कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों के साथ पुसो थाना पहुंचकर वहां के थाना प्रभारी से वार्ता किया एवं कहे की कानून की रक्षा करने वाले ही कानून को तोड़ेंगे ये इस राज्य में नहीं होगा। इस तरह की घटना का पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। मौके पर कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू, प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, शाहिद अहमद बेलू, जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी, आदिवासी सेल के जिला अध्यक्ष कैप्टन लोहरा उरांव सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### लोहरदगा : सुखदेव भगत ने धर्मगुरु बंधन तिग्गा से मिलकर जताया आभार



**लोहरदगा।** चुनाव संपन्न होने के उपरांत लोहरदगा लोकसभा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत सरना प्रार्थना सभा के धर्मगुरु बंधन तिग्गा के आवास मुड़मा पहुंचकर उनसे मिलकर उनका आभार प्रकट किया। भगत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में संविधान बचाने एवं आदिवासियों की अस्मिता की रक्षा के लिए धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने गठबंधन के पक्ष में प्रचार कर आदिवासियों को एक सूत्र में बांधने का जो काम किया है वह काफी सराहनीय है। इससे आदिवासियों में अपने समाज के प्रति नयी चेतना जागृत हुई है। धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि संविधान बचाने एवं आदिवासियों के अस्मिता के रक्षा के लिए वे राजधर्म के तहत चुनाव प्रचार किया। इससे पूर्व सुखदेव भगत ने आदिशक्ति स्थल मुड़मा में मत्था टेककर सरना मां का आशीर्वाद लिया। मौके पर आदिवासी नेता सीताराम उरांव सहित लोग उपस्थित थे।

### पशु पक्षी को बचाने के लिए साइंस फॉर सोसाइटी ने चलाया जागरूकता अभियान



**लोहरदगा।** जिले में साइंस फॉर सोसाइटी के तत्वाधान में बढ़ते गर्मी को देखते हुए पशु पक्षी को बचाने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र के बीएस कॉलेज के समीप जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान राहगीरो को पशु पक्षी को बचाने के लिए जागरूक कर उनके बीच मिट्टी के बर्तन और चावल का वितरण किया गया ताकि सभी लोग अपने घरों के आस पास बर्तनों में चावल और पानी रख सके जिससे बढ़ती गर्मी में पशु पक्षी को राहत मिल सके। इस जागरूकता अभियान में जिले के कई संगठन के लोग और प्रकृति प्रेमी जुड़े जो लोगो से प्रकृति और वन्य जीव को बचाने का अपील कर अत्यधिक वनों और पेड़ो की कटाई का विरोध किया। मौके पर साइंस फॉर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्मन, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, अरुण राम, राहुल कुमार, रणजी क्रिकेटर आशीष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था का प्रशिक्षण बाल संसद से होता है : राजीव

## विद्या मंदिर में बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में बाल संसद के अंतर्गत बाल भारती, किशोर भारती और कन्या भारती के चयनित पदाधिकारी भैया बहनों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय उपस्थित हुए। अतिथि परिचय विद्यालय के आचार्य प्रमेन्द्र सिंह ने कराया। राजीव कुमार सिंह ने कहा कि अपना विद्यालय देश का ही एक छोटा रूप है। जिस प्रकार देश के संसद में विभिन्न विभाग होते हैं इसी प्रकार बाल संसद में भी व्यवस्था संबंधी अनेक विभागों का निर्धारण किया गया है। लोकतांत्रिक व्यवस्था का प्रशिक्षण बाल संसद से होता है। विनोद राय के द्वारा बाल संसद सदस्यों का शपथ ग्रहण कराया। वरिष्ठ आचार्या मधुमिता शर्मा ने कन्या भारती के सदस्यों का शपथ ग्रहण कराया। भैया वैभव भास्कर ने बाल संसद के प्रधानमंत्री का, बहन कशिश कुमारी ने कन्या भारती के प्रधानमंत्री का एवं भैया तेजस प्रतीक भगत ने सेनापति पद का शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण करने वाले भैया बहनों को अपने कार्य निर्वहन के प्रति प्रेरित करने के लिए संगीत आचार्या सुप्रिया घोषाल के निर्देशन में निधि शर्मा, समृद्धि सिन्हा एवं उनकी सहेलियों ने गीत प्रस्तुत किया।

### लाइफ लाइन संस्था के सदस्य ने किया रक्तदान

**गुमला।** लाइफ लाइन संस्थान के सदस्य राजेश गुप्ता ने ए पॉजिटिव ब्लड डोनेशन कर सदर अस्पताल में इलाजरत मरीज की जीवन रक्षा की। राजेश ने 76 वां बार रक्तदान किया। वर्तमान समय में ब्लड बैंक गुमला में ए पॉजिटिव ब्लड स्टॉक में उपलब्ध नहीं है। जिससे जिन मरीजों को ए पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है। उन्हें बहुत दिक्कत हो रही है स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मरीजों की सहायता के लिए उन्होंने ने रक्तदान किया। मौके पर लैब टेक्नीशियन जेरेन सोरेन मनीष सिंह,नीलम गुप्ता, हफीजुल रहमान खान, रोहित खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# 'आम' ने दी धनामुंजी के लोगों को खास पहचान



**संदीप कुमार गुप्ता**

**भंडरा।** प्रखंड का धनामुंजी गांव को आम की खेती ने अलग पहचान दी है।

हालाकि पहले इस गांव की पहचान भाकपा माओवादी के हार्डकोर नक्सली दानियल लकड़ा के गांव के रूप में होती थी। लोग गांव का नाम सुनकर ही कांपते थे। लेकिन अब इसकी पहचान बदल गई है। आम की खुशबू से गांव ही नहीं बाजार भी महक रहा है। पहले तक गांव में धान, गेहूं, मकई आदि की परंपरागत खेती होती थी। वर्षा नहीं होने के कारण किसानों को नुकसान होने लगा। ऐसे में किसानों का झुकाव बागवानी की ओर हुआ। धीरे-धीरे किसान विकास भारती विशुनपुर व उद्यान विभाग के सहयोग और व्यक्तिगत प्रयास से आम का पौधरोपण करने लगे। दो साल में आम के पौधे तैयार होकर फल भी देने लगे। किसानों को मुनाफा हुआ तो एक-एक लोग जुड़ते चले गए। आज अशोक उरांव, दिलीप उरांव, सोमरा उरांव, दानियल लकड़ा, लोथे उरांव, लेंदा उरांव, जुरा उरांव आदि किसान आम की खेती से संपन्न हो रहे हैं।

**आम ने बदली दानियल की विचारधारा**

हार्डकोर नक्सली दानियल लकड़ा के जीवन में बदलाव का एक कारण आम की खेती भी है। गांव में जब किसान आम की खेती से मुनाफा कमाने लगे तो दानियल को भी समाज की मुख्य धारा में लौटकर शांत और सुखी जीवन व्यतीत करने की इच्छा हुई। इस कार्य में दानियल की पत्नी संतोषी लकड़ा ने उसका साथ दिया। दानियल ने साल 2013 में खूंटी में आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद हजारीबाग ओपेन जेल में रहने के बाद जब वह मुक्त हुआ तो गांव लौटकर आम की खेती करने लगा। सरकारी मदद से आज दानियल आम की पैदावार करने वाले अग्रणी किसानों की सूची में शामिल है। धनामुंजी गांव के आम का नाम सुनते ही लोग झटपट आम खरीद लेते हैं। आम के सीजन में नवडीहा ,तेतरपोका लोहरदगा समाहरणालय में दर्जनों किसान आम की दुकान लगाते हैं। कुछ ही घंटों में आम हाथोंहाथ बिक जाता है। धनामुंजी में पैदा होने वाले लंगड़ा, दशहरी, आम्रपाली आदि आम को लोग खूब पसंद करते हैं। 50-70 रुपये किलो आम की सहज बिक्री हो जाती है। व्यापारी भी रांची, लातेहार, हजारीबाग, गुमला, आदि क्षेत्रों से आकर थोक में आम खरीद कर ले जाते हैं।

# चेंबर के संशोधित नियामवाली को 16 जून को आम सभा बुलाकर किया जायेगा पारित : दामोदर कसेरा

शहर में व्याप्त पेयजल समस्या सहित कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स की बैठक चेम्बर कार्यालय में चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा हुई। जिसमें मुख्य रूप से चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा की चेम्बर के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी के द्वारा संशोधित नियमावली को 16 जून को व्यापारियों का आम सभा बुलाकर पास कराया जायेगा। गुमला के कुछ व्यापारियों के द्वारा रेजगारी की समस्या को लेकर चेम्बर को अवगत कराया गया। जिसपर अध्यक्ष ने संज्ञान लेते हुए व्यापारियों को आश्वस्त कराया कि समस्या का समाधान किया जायेगा। पूर्व अध्यक्ष बिनोद केशरी ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए गुमला शहर में पानी की समस्या से अवगत कराया। जिसपर दामोदर कसेरा ने कहा की पीएचडी के अधिकारी से मिलकर निदान का भरोसा दिलाया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने व्यापारियों से आग्रह किया की स्वैच्छिक रक्तदान करें और अन्य लोगों कों रक्तदान के लिए प्रेरित करें। चेंबर की बैठक में लगातार तीन बार से अनुपस्थित रहने वाले कार्यकारिणी के सदस्यों के निष्कासन पर विचार किया गया। सोमवार को साप्ताहिक बंदी हेतु गुमला के व्यापारियों के द्वारा लिखित आवेदन देकर चेम्बर से साप्ताहिक बंदी कराने का अनुरोध किया गया था। जिसपर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की सभी व्यापारी स्वैच्छिक बंदी कर सकते हैं। बैठक में पूर्व अध्यक्ष पवन अग्रवाल, बिनोद केशरी, पदम साबू, अमित माहेश्वरी हिमांशु केशरी, निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल रॉकी, सचिव बबलू वर्मा, कोषाध्यक्ष मुनीलाल साहु, गुरमीत सिंह, आदित्य गुप्ता, बृज फोगला, आनंद गुप्ता, प्रतिक अग्रवाल, प्रदीप सोनी, अजय धान, श्याम गुप्ता उपस्थित थे।

